हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, देवी मंदिरों में जगमगाईं ...


12 18 वर्ष से अधिक उम्र का स्वस्थ व्यक्ति हर तीन ...



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप

### गांजा बिक्री के आरोप को 6 माह की सजा



**डौंडीलोहारा।** न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग ने 28 मार्च को डौंडीलोहारा निवासी आरोपी राजू तिवारी पिता स्व. गोपीचंद तिवारी 60 वर्ष को 06 माह के लिए जिला जेल बालोद में निरूध्द करने का आदेश जारी किया है।आरोपी राजू तिवारी द्वारा पूर्व में भी गांजा पुडिया बनाकर बिक्री करने की शिकायत मिली थी। आरोपी राजू तिवारी के विरूध्द एन.डी.पी.एस. एक्ट के थाना डौण्डीलोहारा में 04 मामले दर्ज थे, जो कि न्यायालय से जमानत पर छूटकर वापस आने पर फिर गांजा बिक्री में संलिप्त रहने की शिकायत मिलती रहती थी। आरोपी के कृत्य को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक बालोद के पत्राचार कर आरोपी का अपराधिक रिकार्ड व इस्तगाशा आयुक्त न्यायालय दुर्ग के समक्ष पेश किया गया। उसके आधार पर आरोपी के विरूध्द पीआईटी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। 28 मार्च को 6 माह के लिए जिला जेल बालोद में निरूध्द करने का आदेश जारी किया। आदेश के परिपालन में 30 मार्च को आरोपी राजू तिवारी को जिला जेल बालोद दाखिल किया गया है।

### बया समाज का वार्षिक अधिवेशन 2 अप्रैल को

**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ बया समाज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 2 अप्रैल को ग्राम पीपरछेड़ी देमार स्थित बया सामाजिक भवन में आयोजित किया गया है। समाज के कोषाध्यक्ष मुकुन्द सिंह पटेल चाराचार ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन सुबह 10 बजे समाज के ईष्ट देव श्री नारायण देव की पूजा अर्चना कर किया जाएगा। उसके बाद आमंत्रित अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एवं सामाजिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### लूटपाट करने वाले तीन अपचारी बालक गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट के एक मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# भरी गर्मी में भी सड़कों पर भटक रहे हैं मवेशी, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरीफ फसल कटाई के साथ ही ग्रामों में परंपरागत रूप से मवेशियों को खुला छोड़ा जा रहा है। इससे अब मवेशी सड़कों पर आने लगे हैं, जिसके कारण वर्तमान में आज भी पशु दाना पानी के लिए सड़कों में तपती धूप में पानी के साथ छांव के लिए भटकते दिख रहे हैं। जहां गली मोहल्लों में असुरक्षित देखभाल के पशु अपने बच्चों को भी जन्म दे रही हैं।

जहां पूर्व सरकार में पशुओं को सड़कों पर भटकने से बचाने के लिए गौठान योजना का आरंभ किया गया था, जिसके लिए ग्रामों से लेकर शहरों तक लाखों की लागत से गौठान भी बनाए गए थे। इसके तहत कई शेड व मकानों का निर्माण किया गया, लेकिन वर्तमान में कई शेड गौठानों से गायब हो गए हैं तथा इन्हें संचालित करने वाली समूह की महिलाएं रोजी मजदूरी करने को मजबूर हैं और लाखों की लागत से बनाए गए इन गौठानों के भवन व निर्माण सामग्री धूल खा रही है या उन्हें चोरी कर लिया जा रहा है। वहीं, जिले के शहरों से लेकर ग्रामों में यह शिकायत आम हो गई है कि आवारा पशुओं द्वारा दोपहिया वाहन की डिग्गियों या खुले वाहन या घरों व दुकानों के सामने रखे खाद्य सामानों को चट कर लेती हैं। वहीं, पशु कचरे में पड़े कागज व झिल्लियों को अपना निवाला बना रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सभी को यही उम्मीद थी कि पशुओं के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि उन्हें सड़को मे खाना पानी के लिए भटकना ना पड़े।

## फसल कटाई के बाद खुले में छोड़े जा रहे हैं मवेशी

### सड़क पर बछड़े को दिया जन्म



इन सब के मध्य मवेशी मालिकों की लापरवाही से बीच सड़क पर तेजधूप के बीच बच्चे को जन्म देते देखा गया है। जहां उनका देखभाल करने वाला कोई नहीं होता और उन नवजात बछड़े-बछियों को कुत्तों या अन्य जानवरों के शिकार होने का डर बना रहता है।



### वाहन चालकों के साथ पशुओं की भी जा रही जान

आराम के लिए मवेशी मुख्य सड़कों पर झुण्ड बनाकर सुबह, शाम और रात को बैठे रहते है, जिसके कारण दिन में आवागमन करने वाले लोगों को तो आसानी से आवारा पशु नजर आ जाते हैं, लेकिन रात मे सड़कों पर बैठे मवेशी नजर नहीं आने के कारण सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। अक्सर सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आती रहती हैं। जिसके कारण कई बार व्यक्ति को जान भी गंवानी पड़ती है या तो भारी वाहनों के नीचे आ जाने के कारण कई मवेशियों की मृत्यु हो जाती है।

## रविवार को विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ गृहप्रवेश कार्यक्रम

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मिला नया आशियाना, किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





जनपद पंचायत गुरुर भोथली, जेवरतला, मोहारा, मुड़पार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण हुए घरों में हितग्राहियों ने रविवार को गृह प्रवेश किया।

इस अवसर पर सदस्य जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने हितग्राही भोथली से मिलन राम साहू, किसन लाल साहू, योगेश्वरी साहू, जनक बाई और जेवरतला में ओमेश्वरी साहू के यहां जाकर गृह प्रवेश कराया। जनपद सदस्य डॉ गंजीर ने कहा कि इसी प्रकार जिनका भी घर कच्चा है, वे सभी ऑनलाइन आवेदन करवा लीजिए, ताकि आप लोगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिल सके। उन्होंने सरपंच एवं सभी पंचों से अपने वार्डों में सर्वे कर पात्र लोगों से ऑनलाइन करवाने को कहा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। इस अवसर पर सरपंच भोथली चुन्नी महेंद्र साहू, उप सरपंच खिलेश्वर साहू, बीजेपी बूथ अध्यक्ष सेवाराम साहू, सरपंच जेवरतला लिलेश्वरी साहू, ओम प्रकाश साहू, पुनीत राम साहू, रत्रृवद्र कुमार साहू, हेमंत कुमार साहू, करुणा साहू, वर्षा साहू, जीतेश्वरी साहू, मिलापा सोनवानी, बिहान समूह से उपस्थित भोथली से रितेश्वरी साहू, मानसी साहू, खिलेश्वरी साहू एवं जितेंद्र सहरे और यशवंत साहू एवं पंचायत के सभी पंचगन उपस्थित थे।

### अरमरीकला में पीएम योजना के 30 हितग्राहियों ने किया गृहप्रवेश

**गुरूर।** ग्राम पंचायत अरमरीकला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कुल 30 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए अपने नए घरों में प्रवेश किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य नरेश साहू, उपसरपंच सोहन साहू, जागृत साहू, लोकेश पटेल, हुकुम सिंह, तीर्थ तनु साहू सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सक्रिय महिला सहित ग्रामवासी सम्मिलित हुए। प्रधानमंत्री योजना से लाभान्वित हितग्राही गैंदलाल साहू ने कहा कि मेरा घर पहले कच्चा था और बारिश के दिनों में पानी भर जाता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मेरा भी मकान पक्का हुआ। उन्होंने कच्चे मकानों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पक्के मकानों की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम जनपद पंचायत से नोडल अधिकारी तकनीकी सहायक विमल कोसरिया के सानिध्य में हुआ।



# नगर में रविवार को भी जारी रही पंचायत सचिवों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- आंदोलनकारियों ने सरकार पर लगाया मोदी की गारंटी पूरी नहीं करने का आरोप

पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर आदिवासी ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव अपने एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। सचिवों ने बताया कि 7 जुलाई 2024 को प्रान्त स्तरीय सचिव स्थापना दिवस इंडोर स्टेडियम रायपुर में मनाया गया था।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय, डॉक्टर रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छ ग, लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग छ ग शासन के अतिरिक्त विजय बघेल सांसद एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र समिति के संयोजक उपस्थित थे, जिनके माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में ग्राम पंचायत सचिव के शासकीयकरण को मोदी के गारंटी में शामिल कर 100 दिन में शासकीयकरण को गारंटी के साथ पूरा करने का आश्वाशन दिया गया था। सचिव दिवस कार्यक्रम में प्रांतीय संघ द्वारा शासकीयकरण की मांग को प्रखरता से रखा गया था। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव ने सचिवों को आश्वस्त किया था, कि मोदी की गारंटी में शामिल शासकीयकरण को अलग से घोषणा करने की जरूरत नहीं है, स्वतः घोषणा मानी जाए। इसके साथ ही उन्होंने सचिव के शासकीयकरण को जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया। लेकिन आज तक शासकीयकरण का आदेश जारी नहीं किया गया है। जिससे क्षुब्ध प्रदेश के समस्त सचिव 17 मार्च को विधानसभा रायपुर का घेराव कर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# दल्लीराजहरा में आज मनाई जाएगी ईद, बाजारों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- भाईचारे और सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने की अपील की

दल्लीराजहरा शहर में आज मुस्लिम समाज के लोग हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ ईद-उल-फितर का पवित्र त्यौहार मनाएंगे। सुबह मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देंगे। इस अवसर पर घरों में विशेष व्यंजन तैयार किए जाएंगे, जिनमें सिवईं, मिठाइयां और अन्य पारंपरिक पकवान शामिल होंगे। दल्लीराजहरा शहर में ईद को लेकर उत्साह का माहौल है। शहर के बाजारों में चहल-पहल देखी जा रही है, लोग नए कपड़े, मिठाइयां और उपहार खरीदने में व्यस्त हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद-उल-फितर रमजान माह के समाप्त होने पर मनाई जाती है और इसे भाईचारे और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर जरूरतमंदों को दान देने और समाज में सद्भावना बढ़ाने की परंपरा भी निभाई जाती है। मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

# किसानों को बताए गए जैविक खेती के लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम मंगलतराई में किया गया "ऑर्गेनिक मड़ई 2025" का आयोजन

केंद्र प्रवर्तित परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जिले के डौंडी विकासखंड के ग्राम मंगलतराई में "ऑर्गेनिक मड़ई 2025" का आयोजन किया गया। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान शामिल हुए। ऑर्गेनिक मड़ई में जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चेमन देशमुख मौजूद थे। ऑर्गेनिक मड़ई में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने स्टॉल के माध्यम से उत्पादों एवं कृषि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्टालों का अवलोकन कर जैविक ▶▶| शेष पेज 12 पर

### किसान ज्यादा से ज्यादा जैविक खेती को अपनाएं : चंद्रवाल

कलेक्टर चंद्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैविक खेती के फायदों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से होने वाले उत्पाद का मूल्य भी बेहतर होता है तथा जैविक उत्पाद सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। जिससे इन उत्पादों की बाजार में बहुत अधिक मांग होती है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा जैविक खेती को अपनाएं। कार्यक्रम को जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, चेमन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश निरोटी और जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने भी संबोधित कर किसानों को जैविक खेती करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में परंपरागत कृषि विषयांतर्गत वैज्ञानिक व्याख्यान एवं कृषि परिचर्चा का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर जैविक कृषि कर रहे कृषकों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

## 21 से 27 मार्च तक अंबिकापुर में लगा एनएसएस का राज्यस्तरीय शिविर

# स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और युवा शक्ति को समर्पित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन 21 से 27 मार्च तक अंबिकापुर में किया गया। यह शिविर राज्य के 33 जिलों से आए स्वयंसेवकों के लिए एक अनूठा मंच बना, जहां उन्होंने अपनी बोली, परंपरा और संस्कृति के माध्यम से छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास की झलक प्रस्तुत की। इस शिविर में शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय से स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा ने भी भाग लिया, जिन्होंने सेवा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता के विभिन्न आयामों को आत्मसात किया। शिविर में उपस्थित राज्य एनएसएस अधिकारी, सचिव, कुलसचिव, कार्यक्रम समन्वयक (संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय) एवं विभिन्न जिलों के कार्यक्रम अधिकारी इस आयोजन के साक्षी बने और उन्होंने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।



### संस्कृति और सेवा का अद्वितीय संगम

इस शिविर का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन रहा। विभिन्न जिलों के स्वयंसेवकों ने सरगुजा, बस्तर, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर और अन्य क्षेत्रों की लोक कलाओं, परंपराओं और बोलियों को प्रस्तुत कर राज्य की विविधता में एकता को सशक्त रूप में प्रदर्शित किया। लोकगीतों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और छत्तीसगढ़ी नृत्य ने शिविर को एक सांस्कृतिक महोत्सव में बदल दिया। इसके साथ ही, स्वयंसेवकों ने वीर नारायण सिंह, शहीद गुण्डाधुर और अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाएं प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास को सजीव कर दिया।

### स्वयंसेवकों का आत्मविकास और सामाजिक जागरूकता

एनएसएस शिविर का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक प्रदर्शन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह युवाओं को सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करने का मंच भी बना। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान और स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर युवा शक्ति, सामाजिक समर्पण और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर उभरा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का दर्पण था, जहां स्वयंसेवकों ने अपने अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

# रूपनारायण 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष का पदभार लेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी रूपनारायण सिन्हा 3 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम (साइंस कॉलेज रायपुर समीप) में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष पदभार ग्रहण करने अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है।

समारोह में छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित साधु संत विशेष रूप मंचासीन रहेंगे। विदित हो कि रूपनारायण सिन्हा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक भाजपा के बस्तर पूर्व संगठन मंत्री सहित विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का भली भांति परिणाम दायक दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि 26 मार्च 2025 को जामगांव आर प्रवास कर रामनवमी दिवस पर भव्य रामोत्सव आयोजित करने प्रभावी मार्गदर्शन दिए थे। सिन्हा वर्तमान में रायपुर में निवासरत हैं।

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह 28 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई में हुई। जिसमें 28 अप्रैल को होने वाली समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारी हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में सर्व सम्मति से श्रीमति सुमन देवांगन को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया।

### पदाधिकारियों ने खाद्यमंत्री से की भेंट

**दुर्ग।** केंद्रीय गोंडवाना समाज धमधागढ़ के महासचिव और आदिवासी गोंड समाज राजनादगांव के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े, सलाहकार सीताराम ठाकुर ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से सौजन्य भेंट की। उन्होंने राजनादगांव में शहीद वीर रामाधीन शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से घोषित सामाजिक भवन के उन्नयन के लिए दस लाख की घोषित राशि के अनुपलब्ध स्थिति पर ध्यानाकर्षण करते हुए चर्चा की। इस अवसर पर जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर मौजूद थे।

### पवन कुमार को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** पवन कुमार शर्मा को शिक्षा समाज सेवा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यूनिवर्सिटी आफ सेंटर अमेरिका द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से नवाजा गया है। पवन कुमार शर्मा पाटन क्षेत्र के फुंडा ग्राम में पले बड़े। उनकी हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा ग्रामीण अंचल में हुई। उन्होंने अभियांत्रिकी की शिक्षा शासकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर से प्रथम श्रेणी ऑनर्स में उत्तीर्ण की।

### सांसद की पहल पर जिले में खुलेगा 45 आंगनबाड़ी केंद्र

**भिलाई।** सांसद प्रतिनिधि भिलाई-चरोदा के विपिन चंद्राकर ने बताया कि सांसद विजय बघेल की पहल पर 45 नवीन आंगनबाड़ी खुलने की स्वीकृति मिली है। पिछले दिनों दुर्ग जिले में विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी खोलने की मांग काफी लंबे समय की जा रही थी। इसे लेकर सांसद प्रतिनिधि चंद्राकर ने सांसद विजय बघेल को अवगत कराया था। सांसद बघेल ने इसे गंभीरता से लेकर केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग अन्नपूर्णा देवी को पत्र प्रेषित कर चर्चा किया। आंगनबाड़ी केंद्रों के युक्तिकरण के लिए सांसद ने अनुरोध किया।

### हादसे में युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि आम बागीचामोड के पास ग्राम-सोरम निवासी टोमेन्द्र साहू वाहन चालक का काम करता है। 12 मार्च को पीड़ित दोस्त अजय साहू के बाइक से कुम्हली से पाटन निजी काम से आए थे। बाअक को पीड़ित चला रहा था। काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इस दौरान आम बागीचा मोड के पास ग्राम सोरम के आगे मुख्य मार्ग पर बाइक चालक ने रॉग साइड के तरफ से लहराकर ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया।

पेज 11 का शेष

### किसानों को ...

उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उत्पादों के उत्पादन एवं विक्रय आदि के संबंध में चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अंजोर सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत डौंडी के उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## निधन

### खिलानंद साहू



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चौरेल निवासी पूर्व ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष खिलानंद साहू 46 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चौरेल के मुक्तिधाम में किया गया।

# डायरेक्टर ने निगम आयुक्तों, महापौर सहित एमआईसी मेंबरों से लिया ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस बार गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए राज्य स्तर से फंड निगमों को मिलेगा। भिलाई, दुर्ग, रिसाली और भिलाई तीन चरोदा निगमों में पेयजल की प्लानिंग राज्य ने मांगी है। पेयजल समस्या से निगम कैसे निपटेगी।

क्या दिक्कतें वर्तमान में है और क्या प्रपोजल बना है और आगे की कार्ययोजना कैसी है ऐसी जानकारी छत्तीसगढ़ संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग के डॉयेक्टर ने रिमिजियुस एक्का ने जुटाई। शनिवार को चारों निगम के महापौर, आयुक्त, सभापति और एमआईसी मेंबरों से गहन चर्चा की।

## भिलाई, रिसाली, दुर्ग व भिलाई तीन निगमों में पेयजल समस्या



### वार्डों की समस्याएं बताई एमआईसी सदस्यों ने

निगम के सभापति, जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष, नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य गणों ने भी अपने वार्ड एवं क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया। डायरेक्टर एक्का ने सबको प्रस्ताव के अनुसार कार्य को पूरा करने के लिए कहा। नगर निगम भिलाई, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय , दुर्ग सुमित अग्रवाल, भिलाई तीन चरोदा दशरथ राजपूत, एवं रिसाली के मोनिका वर्मा ने अपने निगम के संबंध जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में चर्चा के दौरान नगर निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली केशव बंछोर, भिलाई तीन चरोदा कृष्णा चंद्राकर के साथ नगर निगम के महापौर परिषद के सदस्यगण जल से संबंधित अधिकारी अभियंता उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने कहा शासन की बहुत अच्छी पहल है, कि गर्मी के दिन में डायरेक्टर आकर के सभी निगम से पेयजल समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों के साथ बात कर रहे हैं।

### आयुक्तों से पूछा फंड देने से पेयजल समस्या क्या दूर हो जाएगी

डॉयरेक्टर एक्का ने नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, दुर्ग की अलका बाघमार, रिसाली शशि सिन्हा, भिलाई तीन चरोदा निर्मल कोसरे के साथ अपने क्षेत्र के नागरिकों के लिए जल समस्या को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान उनके द्वारा पूछा गया पिछले बार गर्मी में पेयजल पर क्या खर्च किया गया। इस बार का क्या प्रपोजल है। अभी क्या हो सकता है। जिसकी प्रतिपूर्ति कर देने से सभी नागरिकों को गर्मी में पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। दुर्ग जिले के सभी निगम के आयुक्त द्वारा पहले से जानकारी बनाकर के संचनालय को भेजा गया था। इस आधार पर जनप्रतिनिधियों से स्थानी पेयजल के प्रतिपूर्ति के लिए बिंदुवार चर्चा की।

## लापरवाही : सोसायटी में धान सूखने के बाद संग्रहण में हो रही दुर्गति

# सोसायटी से उठाए गए धान को संग्रहण में सुखाने का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**पिछले साल सोसायटियों से मिलरों ने किया था सीधे मिलिंग के लिए उठाव**

धान खरीदी नीति के तहत तत्कालीन सरकार द्वारा सोसायटियों से सीधे मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए धान जारी किया गया था। जिसके चलते पिछले पांच साल से संग्रहण केन्द्र में ताले लगे थे। लेकिन इस बार फिर संग्रहण केन्द्र खोल दिया गया हैं। दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के सोसायटियों से उठाए गए धान को संग्रहण केन्द्र में सूखाने का खेल शुरू हो गया हैं। सोसायटी से मिलरों को धान देने के बजाय संग्रहण केन्द्र में डंप किया जा रहा हैं।

मिलर कस्टम मिलिंग करने में रूचि नही दिखा रहे हैं। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले में किसानों से खरीदे गए धान का अब तक मिलरों ने नही उठाया हैं। दुर्ग के संग्रहण केन्द्रों में जहां पांच लाख क्विंटल से अधिक धान जाम हैं। वही बेमेतरा के संग्रहण केन्द्रों में 22 लाख 47 हजार क्विंटल से अधिक धान रखे गए है। इसी तरह बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल से अधिक धान संग्रहण केन्द्र में रखा गया हैं। सोसायटी से धान का उठाव किए जाने के बाद इसे संग्रहण में रखा गया है। लेकिन अब तक मिलरों ने नही उठाया हैं।

**खास बातें**

- सोसायटी से संग्रहण में धान रखने का अतिरिक्त खर्च
- ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर फूंक रहे लाखों
- मिलर उठाव से कर रहे परहेज
- सोसायटी से ट्रांसपोर्टरों ने लाया संग्रहण केंद्र



### सोसायटी में शिकंजा, संग्रहण में सूखत का खेल

राज्य शासन द्वारा सोसायटी में सूखत मान्य नही किया गया हैं। सूत्रों ने बताया कि, मार्कफेड के संग्रहण में एक से डेढ फीसदी प्रति क्विंटल सूखत मान्य है। जिसका फायदा उठाकर विपणन संघ (मार्कफेड) द्वारा समय पर उठाव नही कर सूखत का खेल खेला जा रहा हैं। सोसायटी प्रबंधको की माने तो इस बार प्रति बोरे में तीन किलो तक सूखत आया है। लेकिन सोसायटी में सूखत मान्य नही होने के कारण धान खरीदी के कमीशन राशि में इसे कांटकर भेजा गया हैं।

### सोसायटी से भी उठाव नहीं, चूहे चट कर रहे

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, दुर्ग जिले का धान लगभग उठ चुका है। बालोद में छः हजार टन और बेमेतरा में दस हजार टन धान का उठाव बाकी हे। उन्होने बताया कि, मार्कफेड को लगातार धान उठाव करने पत्र लिखा जा रहा हैं। दुर्ग जिले में 57 लाख 61 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जिसमें से 51 लाख क्विटल का उठाव हो चुका है, शेष पांच लाख क्विंटल संग्रहण में रखे गए हैं। सोसायटी में चूहे धान का चट कर रहे हैं, वही चौकीदार के भरोसे करोडों का धान रखा गया हैं।

### संग्रहण केन्द्र में आधे से ज्यादा धान डंप

जानकारी अनुसार दुर्ग में 57 लाख क्विंटल की खरीदी हुई थी। जिसमें पांच लाख क्विंटल संग्रहण केन्द्र में है, वही शेष मिलरों ने उठा लिया। बेमेतरा जिले में 93 लाख क्विंटल खरीदी हुई, जिसमें 22 लाख 47 हजार क्विंटल संग्रहण में डंप है। इसी तरह बालोद में 75 लाख 65 हजार क्विंटल खरीदी हुई। इसमें 26 लाख 22 हजार क्विंटल संग्रहण में हैं। राज्य शासन द्वारा पूर्व में इस बार के धान को नीलाम करने की योजना बनाई थी। लेकिन अब तक कोई निर्देश जारी नही की गई हैं।

## नपा अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी की सभा में हुए शामिल



**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन के अवसर पर नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बालोद भाजपा मंडल के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा के नेतृत्व में शामिल हुए। इस सभा में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया और अनेक घोषणाएं की। सभा के बाद मंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं से मिलकर नगर पालिका अध्यक्ष ने बालोद के विकास के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सहयोग करने का आश्वासन किया। इस सभा में शामिल होने के लिए विशेष रूप से नगर पालिका परिषद के पार्षद एवं संगठन से जुड़े हुए कार्यकर्ता बिलासपुर गए थे।

## बीएसपी से बेदखली नोटिस, वरिष्ठ पत्रकार की विधवा दर-दर भटक रही

**भिलाई।** वरिष्ठ पत्रकार की विधवा को भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट ने बेदखली का नोटिस दे दिया है। जिससे विधवा महिला अपनी बेटी के साथ दर-दर भटकने मजबूर है। संकट की इस घड़ी में बीएसपी मैनेजमेंट ने भी हाथ खींच लिए हैं और हर हाल में आवास खाली करने फरमान सुना दिया है। इससे विधवा महिला परेशान है। मामला वरिष्ठ पत्रकार रहे दिवंगत ददन सिंह का है। ददन सिंह ने करीब दो दशक तक सक्रिय पत्रकारिता के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई थी। तब ददन सिंह सपरिवार सेक्टर-2, स्ट्रीट-15 बी में ब्लॉक 15 के क्रमांक 17 में रहा करते थे। 27 मार्च 2018 को स्वास्थ्यगत कारणों से ददन सिंह की मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी श्रीमती इशु सिंह बताती है कि साल 2012 में जब बीएसपी मैनेजमेंट ने लाइसेंस योजना जारी की तो उन्होंने विधिवत 5 हजार रूपए 12 मई 2012 को जमा किए। जिसकी रसीद भी उनके पास है। लेकिन कतिपय कारणों से उन्हें यह आवास लाइसेंस पद्धति से आवंटित नहीं किया गया। इसके बाद से वह लगातार नगर सेवाएं विभाग और अन्य विभागों के चक्कर लगा रही हैं लेकिन उन्हें कहीं से भी मदद नहीं मिल रही है।

## 18 वर्ष से अधिक उम्र का स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में कर सकता है रक्तदान : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



- पुलिस थाना पुरूर में आयोजित रक्तदान शिविर में टीआई ने लोगों को किया प्रेरित

रक्तदान ग्रुप धमतरी के तत्वावधान में पुलिस थाना पुरूर (बालोद) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा सहित समस्त स्टाफ पुलिस थाना, रक्तदान ग्रुप धमतरी के तुलेश साहू, शिवा प्रधान, पप्पू साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष साकेश साहू, क्षेत्र की जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू एवं ग्रामवासी, लिखन साहू, हितेश साहू, रवि नागवंशी, कमल साहू, वेदव्यास मंडावी, कामेश साहू, वेदप्रकाश साहू, शिवरतन पूरी, शेखर साहू, शैलेन्द्र साहू, रेमन कुमार, गजाधर प्रसाद, त्रिभुवन, जितेंद्र कुमार, यमन निषाद, डोमेश्वर कुमार, लूमन सिंह ने रक्तदान किया।

थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को खून के लिए भटकना न पड़े, इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। हर व्यक्ति को तीन माह में नियमित रक्तदान करके समाज हित में कार्य अवश्य करना चाहिए। इससे रक्तदाता का शरीर भी स्वस्थ एवं सबल रहता है। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक एवं वजन 50 किलो से अधिक हो, वह रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे शिविर का आयोजन समय-समय पर आगे भी करते रहेंगे। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कमिश्नर ने जमा किये ओपीएस और एनपीएस के चार करोड़ रुपए की राशि

**दुर्ग।** नगर निगम के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम के सभी नियमित कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम की राशि दिसंबर 2024 तक और न्यू पेंशन स्कीम की राशि फरवरी 2025 तक उनके खातों में जमा करवा दी गई है। जानकारी के मुताबिक यह राशि लगभग चार करोड़ से अधिक बताई गई है। पिछले दो वर्षों से लंबित राशि जमा होने से निगम कर्मचारियों में खुशी है। बजट बैठक में स्वीकृति मिलते ही बजट के एक दिन पहले कर्मचारियों को यह सौगात दी गई। इस संबंध में निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशि यादव, राजू चन्द्राकर, ईश्वर वर्मा, साक्षी वर्मा, रेखा कुर्रे, प्रिंसि शर्मा, गंगाधर ठाकरे के अलावा यूनियन के पदाधिकारियों ने इस निर्णय का स्वागत किया।

## फिल्टर प्लांट के मोटर में खराबी से अनेक वार्डों में पानी सप्लाई हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शुक्रवार दोपहर 110 हार्स पावर मोटर पंप के बेरिंग टूटने के कारण आई खराबी के चलते शहर के डेढ़ दर्जन से अधिक वार्डों में शुक्रवार रात्रि एवं शनिवार सुबह की सप्लाई प्रभावित हुई जिसकी जानकारी मिलने पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार के निर्देश पर जलगृह विभाग ने सुबह से ही टैंकर की व्यवस्था के माध्यम से प्रभावित वार्डों में स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। वहीं फिल्टर प्लांट में आई मोटर खराबी को दूर करने के लिए बाहर से पाट्र्स मंगाकर विशेषज्ञ कर्मचारियों के माध्यम से दोपहर तक सुधार कार्य पूर्ण कराया गया। पंप हाउस में मोटर खराबी की सूचना मिलते ही जल विभाग की प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने अधिकारियों से संपर्क कर इसकी जानकारी महापौर श्रीमती अलका बाघमार को देकर स्वयं टैंकर व्यवस्था के लिए वाहन शाखा से 2 अतिरिक्त ट्रेक्टर व 2 अन्य टैंकर लारी मंगवाकर प्रभावित वार्ड के पार्षदों से संपर्क कर व्यवस्था सामान्य बनाने के लिए सूचित किया। जिसके पश्चात कर्मचारियों के सहयोग से सुबह 6 बजे से ही प्रभावित वार्डों में पार्षदों व नागरिकों की मांग पर लगभग 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर की सप्लाई किया गया। वहीं दूसरी ओर पानी की किल्लत को देखते हुए अधिकारियों ने भी खराब मोटर पंप को सुधरवाने सक्रियता दिखाते हुए रायपुर से पाट्र्स मंगवाकर टूटे बेयरिंग व अन्य सामग्री लगवा कर खराबी दूर कराया गया। इस दौरान जलगृह के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सब इंजीनियर मोहित मरकाम ,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

- 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर से की गई सप्लाई



### ये वार्ड रहे प्रभावित

24 एम एल डी फिल्टर प्लांट से शहर के मध्य व पुराने वार्ड जिसमें शंकर नगर, मोहन नगर, आमा पारा, गंज पारा, आपापुरा, शक्ति नगर, शांति नगर, केलाबाड़ी, कसारीडीह, घासीदास वार्ड व पद्मनाभपुर क्षेत्र में पानी सप्लाई होती है जिसके लिए संबधित टंकियों में पानी भरा जाता है। लेकिन गत रात्रि व शनिवार सुबह नल नहीं खुलने से लोगों की परेशानी को देखते महापौर व जलगृह प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रभावित क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों पर टैंकर सप्लाई किया गया। वहीं दोपहर तक मोटर में आई तकनीकी खराबी सुधार कर देर रात तक सभी वार्डों में पानी सप्लाई सामान्य किया गया।

## प्रेमराज खेलो इंडिया पैरा गेम्स के रहे निर्णायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में भिलाई छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक प्रेमराज जाचक का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता 25 मार्च 2025 से 27 मार्च 2025 तक दिल्ली के इन्दिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। आगे जानकारी देते हुए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव उमेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि, प्रेमराज जाचक का चयन भारतीय टेबल टेनिस फेडरेशन द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 150 खिलाड़ी भाग लिया। यह प्रतियोगिता कुल 20 वर्गों में कराई गई। प्रेमराज जाचक ने इसके पूर्व में भी कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं देश विदेश में निर्णायक के रूप में कराई। वे वर्तमान में डाक विभाग में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए दुर्ग जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष नीरज पाल, चेयरमैन विकास गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## माता कर्मा का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और स्नेह उनके उपदेश हम सभी के लिए अनुकरणीय

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उतई में स्थानीय ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान के लिए काम करने वाले सम्माननीयजनों व नगर के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माता कर्मा के आदर्श हमें समाज में करुणा, समानता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष खूबी राम, सुनील , पार्षद लक्ष्मीनारायण, तुलाराम, यज्ञ कुमार साहू मन्नू लाल साहू, ममता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, सहित बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।



## ग्राम कापसी में शुरू हुआ तनाव मुक्त राजयोग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में 29 मार्च से प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से 7.30 बजे तक ग्राम कापसी में निःशुल्क सात दिवसीय तनाव मुक्त राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ ग्राम के प्रथम नागरिक भ्राता कौशलेश देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत कापसी, बीर सिंह साहू ग्राम पटेल, राधे लाल आलसरे, महेश साहू, तीरथ राम साहू एवं ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी,चन्द्रलता दीदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने बताया कि शिविर में राजयोग द्वारा जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, जिससे मानव जीवन में स्थायी सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।


Balod_BHOOMI_31_2025-03_Layout 1 3/31/2025 12:21 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अरोरा परिवार द्वारा निःशुल्क मेडिकल सुविधाएं

**डोंगरगढ़।** आपातकालीन आवश्यकताओं को देखते हुए अरोरा परिवार द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत लोगों को निःशुल्क मेडिकल उपकरण मुहैया कराया जा रहा है। इस सुविधा के तहत बेड गद्दा सहित, स्ट्रेचर, एयर बेड, व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड पाट सहित, वाकर, स्टिक, बैसाखी मुहैया कराई जाती है। यह सुविधाएं परिस्थिति अनुसार अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन हेतु निःशुल्क प्रदान की जाएगी। उक्त सुविधाओं का लाभ लेने के पश्चात समय पर उपकरण लौटाने का अनुरोध अरोरा परिवार ने किया है ताकि यह सुविधा निरंतर जारी रहे।



### गार्डन फिर हुआ गुलजार

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसरा कला में यात्रियों की सुविधा और विश्राम के लिए बूढ़ादेव गार्डन तैयार हो चुका है। यहां की घास और पौधे पानी के आभाव में सूख गए थे। सरपंच गायत्री शिव कुमार टेम्भुरकर ने शपथ लेने के बाद गार्डन का जायजा लिया और व्यवस्था अपने हाथ लेकर एक महीने में हरा भरा कर यात्रियों की सुविधा लायक बना दिया है। इस कार्य में ग्राम के हीरासिंग सलाम, दयाराम यादव, सुरेंद्र टेम्भुरकर ने सहयोग दिया।



### विधायक ने दिया सचिवों को समर्थन

**डोंगरगढ़।** शासकीयकरण की माँग पर हड़ताल पर डटे सचिवो को समर्थन देने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पंडाल में पहुंची। विधायक ने समर्थन देते हुए कहा कि भाजपा सरकार मोदी की गारंटी के नाम पर झूठे वादे कर सत्ता में आई है। पंचायत सचिव भी भाजपा के छल के शिकार हुए हैं। सचिवों की हड़ताल का खामियाजा जनता को भोगना पड़ रहा है। इस दौरान सचिव संघ की ओर से मोरध्वज साहू, केदान सिन्हा ने स्वागत व आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर विजयराज चौहान, सुरेश सिन्हा, नलिनी मेश्राम, संध्या देशपांडे, सुदेश मेश्राम, अन्ना इडली, मनोज साहू, मुकेश सहारे, शिशुपाल भारती, सागर रोमटेके, निधि यादव, टाकेश्वरी, कोमल लारिया, ईश्वरी चंद्रवंशी, यशोदा, जयंती सिन्हा, भूपेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।



### हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिलासपुर जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत र आयोजित गृह प्रवेश उत्सव में 3 लाख 50 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मनीष साहू ने ग्राम पंचायत रामपुर में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर सरपंच यतीश सिन्हा, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।




### सड़कों पर मवेशियों का कब्जा

**सड़क अतरिया।** गर्मी बढ़ने के साथ मुख्य मार्ग एवं ग्रामीण सड़कों पर मवेशियों का झुंड दिखाई देने लगा है। सभी गांव में फसल कटाई के बाद मवेशी चरवाहा मवेशियों को चराना छोड़ देते हैं जिससे सड़कों पर मवेशी सड़क पर ही अपना बसेरा बना लेते है। कुछ पशुपालक अपने मवेशी की देखभाल करते हैं। मवेशियों के सड़कों पर जमे रहने से दुर्घटना होने का डर बना रहता है। सड़कों पर होने वाली ज्यादातर दुर्घटनाओं का कारण सड़कों पर मवेशियों का होना होता है।



### जयंती कार्यक्रम में बच्चों का सम्मान



**टाटेकसा।** साहू समाज परिक्षेत्र चारभांठा ने मंडल स्तरीय भक्त मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन ग्राम कोठीटोला में किया। कार्यक्रम की शुरुआत में महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकालकर राऊत नाचा के साथ गली भ्रमण किया। समाजिकजनों ने भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना किया। इस दौरान प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरण किया गया। अतिथियों ने माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां कर्मा देवी भगवान की भक्त थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। इस मौके पर साहू समाज ने मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, प्रमुख अतिथि जिपं सदस्य अनीता मंडावी थी। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने की। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू, गिरजावती कंवर, रामधीन साहू, आरती साहू, गिरवर साहू, रामलाल टांडेकर, गैंदुराम कंवर, मनोरंजन साहू थे। कार्यक्रम में आसपास के सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

**खैरागढ़।** टिकरापारा के राम मंदिर मे आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## न्याय के लिए क्षेत्र के लोगों को नहीं करना पड़ेगा लंबा सफर

# वनांचल में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंबागढ़ चौकी में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला एवं अपर न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर पोर्टफोलियो न्यायाधीश संजय अग्रवाल वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। चीफ जस्टिक रमेश सिन्हा ने कहा कि अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के निवासियों को न्याय प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव तक 100 से 150 किलोमीटर तक लंबा सफर तय करना पड़ता था। अंबागढ़ चौकी में जिला एवं अपर न्यायाधीश न्यायालय का शुभारंभ होने के पश्चात सुदूर वनांचल के पक्षकारों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों व अधिवक्ताओं के लिए न्याय सुलभ प्राप्त हो सकेगा।




### मिलेगा शीघ्र और सुलभ न्याय



उन्होंने इस अवसर पर न्यायालय में पदस्थ किए गए न्यायाधीश एवं न्यायालय के कर्मचारीगणों को बधाई देते कहा कि वे अपने न्यायिक कार्य एवं व्यवहार से क्षेत्र के निवासी, पक्षकार एवं अधिवक्तागण की अपेक्षाओं की पूर्ति करने हेतु शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कराने के लिए सहायक होंगे।

### अधोसंरचना विकास पर फोकस

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिक रमेश सिन्हा ने दो साल पहले अपनी पदस्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ न्यायपालिका में अधोसंरचना के विकास पर जोर दिया है। यही कारण है कि अल्प अवधि में वर्ष 2023-24 में कुल 1,57,61,209 रुपए की लागत से 94 निर्माण कार्य तथा वर्ष 2024-25 में कुल 1,45,62,62,975 की लागत से 162 निर्माण कार्य संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के न्यायालय भवनों में अभिवृद्धि एवं सुधार कार्य हुए। वर्तमान में विभिन्न जिला न्यायालयों में 61, परिवार न्यायालय में 02 एवं कामर्शियल कोर्ट में 03 कुल 66 नवीन कक्ष निर्माणाधीन है। न्यायिक अधोसंरचना एवं संसाधन में उपरोक्त अभिवृद्धि एवं सुधार कार्य के फलस्वरूप प्रकरणों के निराकरणों में तीव्रता आई है। दो साल के भीतर जिला न्यायालय स्थापना द्वारा 7,13,791 प्रकरण निराकृत हुए हैं। जिससे त्वरित न्याय की अवधारणा साकार हुई है।

## रामकथा को लेकर जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेशभर में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर पांडादाह में रामकथा व हनुमान प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों की मौजूदगी में बैठक हुई। जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा बीते तेरह सालो से राम कथा समागम का आयोजन किया जाता रहा है जिसे आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी रामकथा समागम का आयोजन किया जाना है साथ ही जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह में विराजे हनुमान की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है। समिति पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों की मौजूदगी में आयोजन की रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम संचालन को लेकर विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में समिति अध्यक्ष पं मिहिर झा, संरक्षक ओमप्रकाश झा, रामेश्वर रामटेके, सचिव राजू यादव, जनपद सदस्य सरस्वती यदु, संतोष कर्ष, रिंकू महोबिया, सुयश खरे, बंशी वर्मा, रुपेन्द्र यदु, रघुनाथ वर्मा, प्रमिला कर्ष, आरती महोबिया, प्रमिला रजक, लक्ष्मी रजक, गनेशी देवांगन, हेमपुष्पा यदु, राजेन्द्र रजक, नितेश देवांगन, प्रभा रजक, संतोष वैष्णव, सोमनिशा खरे, रेखा यादव, कमला वैष्णव, ममता सोनी, अंजली वैष्णव, सुनीती सिन्हा, रजमत सहित अन्य उपस्थित थे।

### 10 से रामकथा

समिति अध्यक्ष पं मिहिर झा ने बताया कि रामकथा का आयोजन 10,11 व 12 अप्रैल को भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण महाराज के कथा अनुरागी महाराज सत्यनारायण अयोध्या से पांडादाह पहुंचेंगे। अध्यक्ष सहित समिति सदस्यों ने रामकथा व हनुमान प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## सकल जैन श्री संघ ने कराया ब्लड जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सकल जैन श्री संघ के बैनर तले भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के 11 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत में रक्त जांच स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से हुई। इस दौरान करीब 200 लोगो का सम्पूर्ण रक्त जांच लगभग 69 प्रकार के सहित केंसर व आर्थराइटिस जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया गया। जांच शिविर बाद आने वाले 3 अप्रैल को अनुभवी डॉक्टर द्वारा ब्लड रिपोर्ट देखकर निःशुल्क जांच द्वारा उचित परामर्श दिया जाएगा। सकल जैन श्री संघ के सदस्यों सहित जैन संघटना के सदस्यों ने जल संरक्षण को लेकर संकल्प लिया। इस दौरान सकल जैन श्रीसंघ अध्यक्ष नरेंद्र बोथरा, उपाध्यक्ष गुलाब छाजेड़, नवीन चौरडिय़ा, अभय जैन, महेंद्र जैन, वैभव लूनिया, नितिन कोटडिय़ा, अजय छाजेड़ सहित अन्य मौजूद थे।

## इंस्टालेशन परफार्मेंस आर्ट की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में दृश्य कला विभाग के छात्र अनमोल गोयल द्वारा संगीत मंथन शीर्षक से इंस्टालेशन परफार्मेंस आर्ट प्रतिष्ठापन प्रदर्शन कला की प्रस्तुति दी गई। जिसमे उन्होने दृश्य कला और संगीत कला के संयोजन को प्रदर्शित किया।

कबाड़ से प्राप्त अनुपयोगी वस्तुओं को संग्रहित कर एक वृक्ष तैयार करके अनमोल ने उनकी डालियों को लोक वाद्यों से सजाकर यह बताने का प्रभावी प्रयास किया कि वृक्षों की तरह संगीत भी प्राण वायु देता हैं। कलाकार अनमोल की दिली इच्छा है कि इस कलाकृति को हाथों से निर्मित कर विवि में स्थापित किया जाए।

कार्यक्रम को सफल बनाने विप्लव सिंह, गणेश कुमार साहू, हर्ष चंद्राकर, रितेश, बालेंदू मिश्र , पुनेश, कानन, हिमसागर राज बघेल, नीलेश, अनुराग,मयंक, ऋषिकेश सहित बालक छात्रावास के समस्त विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

### प्रस्तुतियों ने मोहा मन

संगीत मंथन पर आधारित प्रस्तुति मे हर्ष चंद्राकर, वेदप्रकाश, करण तारम, कामेश साहू, मनोज बासोर, ललित, उजित व खेलावन सहित संगीत पक्ष में किसन गावेल, जयंत, भूषण, प्रणव व ऋषिराज ने सहयोग दिया। नृत्य प्रस्तुति मयंक व राजदीप ने दी। कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि महानगर दिल्ली के छात्र अनमोल ने यहां की कला कृति को संगीत मंथन के द्वारा मोहक अंदाज में प्रस्तुत किया है जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यार्थियो को विवि प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. राजन यादव ने कहा कि ललित कलाएं भूगोल का बंधन तोड़ती है। जो ज्ञान की बाते हैं, वह कला के द्वारा प्रभावी ढंग से व्यक्त की जाती है। अनमोल ने अपनी इस प्रस्तुति से यह सिद्ध कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन समीरचंद्र साहू और प्राध्यापक कपिल सिंह वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान लोक संगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ. योगेंद्र चौबे, दृश्य कला संकाय के शिक्षक डॉ. रविनारायण गुप्ता, डॉ. छगेंद्र उसेंडी, डॉ. विकास चंद्रा, संदीप किंडो के अलावा अन्य विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सृजन और समर्पण का संगठन है संघ

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव हर्षोल्लास और संगठनात्मक ऊर्जा साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग पर्यावरण प्रमुख मनोहर लाल चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ अब शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले सौ वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के आंदोलन के रूप में अनेक उतार-चढ़ाव, जिज्ञासाएं और स्वीकार्यता की यात्रा पूरी की है।

संघ केवल विरोध का संगठन नहीं, बल्कि सृजन और समर्पण का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि जो आज संघ के कार्य का विरोध कर रहे हैं, वे भी एक दिन राष्ट्रनिर्माण के इस पवित्र कार्य में सहभागी होंगे। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन सिद्धांत पर जोर देते हुए कहा कि यह संगठन व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय अखंडता को सुदृढ़ करने की दिशा में डॉ. हेडगेवार द्वारा रखी गई नींव आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को नूतन वर्ष की मंगल कामना दीं और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दुहराया।

## महापौर-कलेक्टर ने बड़े प्रोजेक्ट के लिए तलाशी जमीन

### स्थल निरीक्षण कर दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन करने स्थल निरीक्षण हेतु महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल विभागीय अधिकारियों के साथ शहर भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा तथा तहसीलदार मनीष वर्मा उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाए संचालित की जाती है। जिसका लाभ जनता को देने उसका क्रियान्वयन आवश्यक होता है। इसी प्रकार नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न घोषणाए भी सरकार द्वारा की जाती है। उन्हीं घोषणाओं को धरातल में पूरा करने महापौर यादव एवं कलेक्टर अग्रवाल विभागीय अधिकारियों के साथ निगम सीमाक्षेत्र में भूमि की उपलब्धता देखने सुबह निकले।



### जमीनी स्तर पर दिखे विकासः मधु

महापौर यादव ने कहा कि शासन द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई है। जिसका धरातल में क्रियान्वयन करने आज स्थल चयन किया जा रहा है। योजनाओ में हॉकी एकेडमी, नालंदा परिसर, सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम निर्माण, थोक मार्केट जैसे अन्य कार्य के लिए स्थल चयन कर निर्माण किया जाना है, ताकि निर्माण उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मंशानुरूप राजनांदगांव की जनता को लाभ मिल सके।

### मापदंड के अनुरूप हो निर्माण काम

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि योजना की स्वीकृति अनुसार स्थल चयन करना है और मापदंड के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने राजस्व, राजगामी एवं नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि निकाय क्षेत्र में आपके विभाग के अधीन शहर की रिक्त भूमि की संपूर्ण जानकारी नक्शा-खसरा सहित प्रस्तुत करें। जिससे योजना को मूर्त रूप दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, प्र.सहायक अभियंता वसीम खान सहित नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# माँ गंगई मंदिर में जली आस्था की ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

चैत्र नवरात्र के अवसर पर गंडई नगर स्थित माँ गंगई मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं ने आस्था की ज्योत जलाया। इस वर्ष बड़ी संख्या में स्थानीय और अन्य राज्यों के भक्तों ने माँ के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित किया है।

इस वर्ष 812 श्रद्धालुओं ने ज्योत प्रज्जलित कराया है। देर शाम माँ गंगई का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसके पश्चात मंदिर परिसर में आस्था की ज्योत जलाई गई। मंदिर के आसपास सजी श्रृंगार की दुकानें और नगर में लहराते भगवा ध्वज, तोरण पताका भक्तिमय वातावरण निर्मित कर रहे थे। श्रद्धालु शाम से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। उन्होंने मंदिर में आस्था के साथ पूजा-अर्चना किया।



### वाटर प्रुफ कक्ष में जली ज्योत

माँ गंगई मंदिर में गुंबद का निर्माण प्रगति पर है। मंदिर परिसर का विस्तार कर विभिन्न कक्षों और ज्योत-ज्वारा कक्षों का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कारण पुराने ज्योति कक्ष को हटा दिया गया है। श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए, ज्योत जलाने के लिए वाटर प्रूफ ज्योति कक्ष की व्यवस्था की गई है, जिसमें ज्योत प्रज्जलित किया गया है।

### घी के ज्योति कलश में वृद्धि

माँ गंगई मंदिर न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य राज्यों के भक्तों के लिए भी गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष दिल्ली, गुजरात सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में आस्था की ज्योत जलाई। मंदिर के पुजारी अनुभव दुबे ने बताया कि इस वर्ष घी की ज्योत जलवाने वाले भक्तों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 11 से अधिक भक्तों ने अपना नाम दर्ज करवाया है।

## बाल विवाह रोकने का आह्वान



**घुमका।** जिला प्रशासन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुक्रवार को बाल विवाह रोकने प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण सत्र में बाल विवाह पर चर्चा करते हुए बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध मे प्रशिक्षक महेश साहू, परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, पर्यवेक्षक इंदु टंडन ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों का उम्र 18 वर्ष से अधिक होने पर ही शादी की जानी है। निर्धारित उम्र से पहले विवाह किया जाता है तो वह बाल विवाह है। प्रशिक्षकों ने बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने बाल विवाह होने की जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 नंबर पर सूचित करने कहा। इस मौके पर परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, सीएमओ ज्ञानेश्वर देवदास , बीएमओ नंदकिशोर टंडन, हिंदू टंडन, निशा शिंदे, अंजू, प्रभा ठाकुर, अर्चना ध्रुव आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



### बोर गाड़ी में करंट लगने से नाबालिग मजदूर की मौत

**बालोद।** रायपुर में एक बोर गाड़ी में काम करने पहुंचे 17 साल के एक नाबालिग मजबूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चलाक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उरला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, घटना पठारीडीह उरला चौक के पास की है। 26 मार्च को रात 11:30 के करीब यहां पर बोर खुदाई का काम हो रहा था। ट्रक के ऊपर से गई हाई टेंशन बिजली लाइन गई हुई थी। ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक ट्रक वहां पर खड़ी की। काम करने के दौरान बोर का ऊपरी हिस्सा हाई टेंशन बिजली वायर से टकरा गया। इस दौरान ट्रक के ऊपर एक 17 साल का नाबालिग मजदूर आकाश कुमार उसेंडी सो रहा था। वह बालोद का रहने वाला था।
हाई टेंशन वायर से टकराते ही पूरे ट्रक में करंट फैल गया। जिसकी चपेट में आकाश आ गया। तेज करंट के झटका लगने पर वह नीचे गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान एक अन्य मजदूर जो नीचे पानी पी रहा था, उसे भी करंट लगा। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

### सिर्राभाटा में ज्योतिकलश स्थापना के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**बालोद/सिकोसा।** बासंती नवरात्रि के अवसर पर ग्राम



सिर्राभाटा में समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के निवास में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। स्वामी चंद्रकांत शर्मा ने ज्योति कलश स्थापना कर मंगलाचरण भागवत महात्म्य की कथा सुनाई। 31 मार्च को मीमांसा दर्शन कथा होगी। 1 अप्रैल को न्याय दर्शन, 2 अप्रैल को श्रृंगार पंचमी, सांख्य दर्शन, वैशेषिक दर्शन, 3 को योग दर्शन, 4 अप्रैल को वेदांत दर्शन तथा 5 अप्रैल को महा अष्टमी हवन पूजन होगा।

### गांजा बेचने वाले छह युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जूर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्रीन चौक दुर्ग युवक महेश नागवंशी, नितेश साहू, दुर्गेश यादव, विकास उर्फ लाशा यादव, आकाश यादव, कृष्णा उर्फ कान्हा नागवंशी अवैध रुप से गांजा रखकर उसे बेच रहे थे। पुलिस टीम गंजमंडी सिकोला भाठा पहुंचकर दबिश दिया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों से पुलिस ने 3.195 किलो गांजा जब्त किया है।

**पर्व**

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जिले के देवी मंदिरों में की गई कलश स्थापना

# शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, देवी मंदिरों में जगमगाई हजारों ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जिले के प्रसिद्ध गंगा मैया मंदिर, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर, चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, मोखला मांझी मंदिर, कपिलेश्वर मंदिर, महामाया मंदिर, कंकालिन मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में हजारों मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना की गई। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन, भक्त अपनी मनोकामना को लेकर मत्था टेकने मंदिरों में पहुंचे और मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्वलित की गई, जहां आज जोत निरन्तर 8 दिनों तक जगमगाते हुए नजर आएगी।

जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में 3 हजार से भी अधिक ज्योतिकलश स्थापित की गई हैं। जहां गंगा मईया में ही 900 ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। इस साल नवरात्रि को लेकर मंदिर समितियों के साथ भक्तों में भी काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं जिला मुख्यालय से लगे गंगा मैया मंदिर एवं वनों से घिरे सियादेवी मंदिर में प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य मेला लगा है। इसके साथ ही मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यावस्था को ध्यान में रखते हुए पुख्ता इंतजाम किया जाता है, साथ ही पुलिस प्रशासन ही श्रद्धालुओं की भीड़ को सम्भालने तैनात रहते हैं।

ग्राम झलमला में स्थित प्रसिद्ध गंगा मइया मंदिर में चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा गंगा मईया चैत्र नवारात्रि महोत्सव का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया है। जिसमें 30 अप्रैल को ज्योति कलश स्थापना दोपहर 12 बजे किया गया। 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे हवन होगा। 6 अप्रैल को दोपहर 4 बजे शोभायात्र निकाली जाएगी। नवरात्रि में प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से शत चंडी यज्ञ एवं दुर्गा सप्तशती सस्वर पाठ आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री एवं सहयोगी आचार्य पंडितो द्वारा किया जाएगा।

### नवरात्रि के पूरे दिन होंगे विविध कार्यक्रम

30 मार्च से 1 अप्रैल तक तीन दिवसीय माता सेवा गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया है, जिसमे 30 मार्च को दोपहर 4 बजे से 5:30 बजे तक जय भवानी महिला माता सेवा मंडली की प्रस्तुती होगी। जिसमे अनिता यादव का स्वर रहेगा। वही 30 मार्च को रात्रि 8 बजे से 9:30 बजे तक जय मावली माता सेवा भजन मंडली की प्रस्तुती होगी जिसमे स्वर दुर्गा दास सिन्हा का होगा। 31 मार्च को दोपहर 2 से 3:30 बजे तक आदर्श महिला सेवा भजन मंडली की प्रस्तुती होगी जिसमे स्वर गायिका गोमती साहू की होगी। दोपहर 4 बजे से 5:30 बजे तक जय सतबहिनी सेवा भजन मंडली की प्रस्तुती होगी जिसमे स्वर गायिका खेमिन धुरव को होगा। रात्रि मे 8 बजे से 9:30 बजे तक सरस्वती महिला माता सेवा भजन मंडली की प्रस्तुती होगी जिसमे गायिका राजे"वरी देशलहरे का स्वर होगा। 1 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक जय मां दुलवरीन दाई माता सेवा मंडली की प्रस्तुती होगी जिसमे स्वर गायिका सोनिया बाई की होगी। दोपहर 4 बजे से 5:30 बजे तक जय महामाया महिला सेवा भजन की प्रस्तुती होगी जिसमे स्वर गायिका रामे"वरी सार्वा की होगी। रात्रि 8 बजे से 9:30 बजे तक श्रीराम स्वरूप साहू कृत जय शीतला सेवा भजन मंडली की प्रस्तुती होगी।



वहीं 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के विशेष सहयोग से होगा। जिसमे 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मैनेजर जिवधन साहू कृत डाकू भवानी सिंह मयारू नाचा पार्टी की प्रस्तुती होगी। दोपहर 2:15 बजे से मैनेजर नारायण साहू कृत किस्मत के खेल संगम छ.ग नाच पार्टी चंदा के अंजोर की प्रस्तुती होगी। शाम 4:30 बजे से मैनेजर हेमलाल साहू कृत माया परीक्षा छ.ग अम्बे नाच सुनता के फुलवारी की प्रस्तुती होगी। रात्रि 9 बजे से मैनेजर राम जी धनगुन कृत खून के बदला पानी की प्रस्तुती होगी।

3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से भारत राम टांडिया कृत बटवारा अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुती होगी। दोपहर 2:15 बजे करमचंद साहू कृत बइगा मोर मयारू छत्तीसगढ़ नाच पार्टी का प्रस्तुती होगा। शाम 4:30 बजे आस कुमार सिन्हा कृत मंदहा मितान राधा कृष्ण नाच पार्टी का प्रस्तुती होगा। रात्रि 9 बजे से पप्पू साहू कृत भाई बटवारा छत्तीसगढ़ नाच गम्मत का प्रस्तुती होगा।

4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तिलेश्वर वर्मा कृत भगवान बनके लुटबो मनमोहना नाच पार्टी की प्रस्तुती होगी। दोपहर 2:15 बजे हेमलाल ठाकुर कृत माता पिता के सेवा जय महामारा माई छ.ग नाचा गम्मत की प्रस्तुती होगी। वही शाम 4:30 बजे सुरेश साहू कृत तुलसी के माला मुरली मनोहर नाच पार्टी की प्रस्तुती होगी। रात्रि 9 बजे से शत्रुहन पटेल कृत तरी ऊपर छ.ग लोकनाट्य आरूग नाचा गम्मत पार्टी की प्रस्तुती होगी। 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक सगुरू राम चक्रधारी कृत पूजा के फूल छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी की प्रस्तुती होगी।

वहीं 5 अप्रैल को दोपहर 4 बजे कन्याभोज दान दाताओ एवं मंदिर ट्रस्ट के द्वारा महाअष्टमी कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।

6 अप्रैल को दोपहर 2 से 4:30 बजे तक खिलेश्वरी यदु के स्वर में मनमोहनी लोकगाथा भरथरी की प्रस्तुत होगी।





**बाबा दरबार में जगमगाए 171 ज्योत**

अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए चैत्र नवरात्रि पर्व पर 171 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा ने विधी विधान के साथ पूजा अर्चना कर घटस्थापना की। उसके बाद नंद पंडा मनोज पटेल विनोद साहू दिनेश साहू योगेश साहू हेमलाल साहू मनसुखा साहू गुलाब साहू, राजू यादव पुष्कर साहू भोलू खिलेशवर चीन्टू बबलू गज्जू रायपुरीहा दानू साहू सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मिलकर ज्योति प्रज्वलित किया।

### मां गंगा मैया मंदिर झलमला में शुरू हुआ प्रसादी वितरण



**बालोद।** जिले के समीपस्थ स्थित क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां गंगा मैया मंदिर झलमला में बसंती नवरात्रि के पवन अवसर पर आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा माता की सेवा में निःशुल्क महाप्रसादी सेवा का शुभारंभ माता की ज्योति प्रज्वलित होने के बाद गंगा मैया पेट्रोल पंप के बाजू में बालचंद नाहटा के प्रांगण में पूजा अर्चना कर किया गया। आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के अध्यक्ष समाजसेवी नाड़ी विशेषज्ञ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि प्रथम दिवस माता के भक्तों को पोहा प्रसादी वितरित की गई। प्रथम दिवस 500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के दयालु राम चिराम, रमेश रावते, पुष्कर सिंह राजपूत, प्रमोद साहू, नेमी साहू, नंदकिशोर, ऋषि प्रसाद, नरोत्तम साहू, मुरलीधर साहू, सूरजभान सिंह राजपूत, लीला बाई सहित भक्तों ने सेवा दी।



## शिकायत पर थाना पहुंचे दोनों पक्ष आपसी सुलह के लिए हुए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

- बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी निवासी ग्रामीण ने की थी शिकायत

बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खपरी में ग्रामीण तामेश्वर प्रसाद साहू पिता स्व० हीरामन साहू के बीच पानी निकासी व साफ सफाई क़ो लेकर वाद विवाद हो गया था। इस संबंध में पुलिस में शिकायत की गई थी। वहीं, 30 मार्च को दोनों पक्ष थाने में पहुंचे और गांव में बैठक कर ग्रामीण परंपरा के अनुरूप आपस में सुलह-समझौता करने की बात कहते हुए किसी भी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया।

मिली जानकारी के अनुसार तामेश्वर साहू की शिकायत पर जांच के लिए प्रथम पक्षकार एवं द्वितीय पक्षकार को थाना बुलाया गया। इसमें दोनों पक्ष उपस्थित रहे। प्रथम पक्षकार के शिकायत आवेदन पत्र पर पूछताछ में वैचारिक मतभेद होना पाया गया। उसके बाद रविवार क़ो पुलिस थाना बालोद में दोनों पक्ष आपस में बैठकर सुलहनामा कर लिया गया। दोनों पक्षों ने 30 मार्च को गांव में मीटिंग कर ग्रामीण परंपराओं के तहत शांति पूर्वक इस समस्या का निराकरण करने की बात कही। पुलिस के समक्ष दोनों पक्षों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय, एसआई धरम भुआर्य, एसआई कमला यादव, आरक्षक योगेंद्र तामशकर, कोटवार अनुज राम सरपंच टकेश्वर साहू भरत लाल साहू ओमप्रकाश साहू टोमन लाल गौकरण साहू नारायण प्रसाद उपस्थित रहे।

परसदा में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल विधायक कुंवरसिंह ने किया आह्वान

## माता कर्मा के बताए रास्ते पर चलकर समाज को और अधिक मजबूत बनाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन ग्राम परसदा धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई। दोपहर 12 बजे से माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर अंजोर जस झांकी एवं फाग मंडली पेंड्री कलंगपुर ने शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद थे, अध्यक्षता मानसिंह सार्वा अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही ने की। विशेष अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर जनपद पंचायत अध्यक्ष, गुण्डरदेही हेमंत कुमार साहू, गुलशन कुमार साहू जनपद सदस्य, रामस्वरूप साहू, कुलदीप साहू, मोती लाल साहू, भीखाराम साहू, कल्याण सिंह साहू, जेआर कलिहारी, कुलेश्वर साहू सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद जी ने कहा कि माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। उन्होंने भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान किया। ललित साहू व भीखम साहू ने बताया कि साहू समाज द्वारा पत्रिकारिता के क्षेत्र में अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय साहू को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माता कर्मा के प्रतीक चिन्ह व शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन दिल्ली से सम्मानित खिलेन्द्र संजू यादव ने किया।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में दीप प्रज्वलित

**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर जप ध्यान साधना और दीप प्रज्वलित कर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया इस अवसर पर मुख्य अजमान डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं रेणुका गंजीर थे। शांतिकुंज हरिद्वार से डॉ चिन्मय पंड्या का संदेश परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी कि जन्मशताब्दी एवं दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह 2026 की सफलता के साथ समस्त विश्व मे आसन्न युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं महामारियों से जीव जगत की रक्षा के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज में एक वर्ष तक चलने वाली सामूहिक जप साधना, चैत्र



शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 से प्रारम्भ हुई। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गायत्री परिवार प्रतिनिधि आदरणीय डॉ चिन्मय पंड्या एवं शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी द्वारा देवताओं के आह्वान के साथ ही सामूहिक जप साधना का क्रम आरम्भ हुआ। यह विशिष्ट सामूहिक जप साधना गायत्री माता मंदिर प्रांगण में स्थित साधना कक्ष में वर्ष 2026 तक चलेगी। इस अवसर पर डॉ गोपाल साहू, भूषण लाल सार्वा, डॉ डीएल गजीर, डॉ पवन गंजीर, संतोष कुमार साहू, दीपक साहू, दानवीर नायक, भूपेश साहू, डालेश्वर साहू, पंचू निर्मलकर, अनसूईया साहू, उषा गंजीर, राजकुमारी गंजीर, सोनिया साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के सभी परिजन उपस्थित थे।

### अग्निवीर के लिए आकाश का चयन



**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत लक्ष्य मैदान अंडा मिनी स्टेडियम प्रशिक्षण ले रहे विनायकपुर निवासी आकाश कुमार ठाकुर का चयन अग्निवीर फोर्स में भर्ती के लिए हुआ है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



**विहिप, बजरंग दल व मातृशक्ति संगठन द्वारा की जा रही है तैयारी**

## श्री राम जन्मोत्सव पर बालोद में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, मातृशक्ति संगठन द्वारा 6 अप्रैल को बालोद जिले में श्री राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। विहिप के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, तरूण राठी, हिन्दूवादी नेता कमल बजाज, बजरंग दल संयोजक प्रदीप मीनपाल जिला केन्द्र में लगातार बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकी, अखाड़ा, डीजे, संगीत, बाईक रैली व सामूहिक हनुमान चालीसा सहित जय स्तभ चौक में रामजी की पूजा-आरती व भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह बना हुआ है। वे अपने आराध्य प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर शहर व नगर को तोरण पताकों, झंडों से सजाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी तरह मातृशक्ति संगठन की सदस्य महिलाएं भगवा साड़ी में बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगी। वहीं, दुर्गावाहिनी की बेटियां भी इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में सर्व हिन्दू संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, मंदिर समितियों के पदाधिकारी, महिला मंडल, मानसगान मंडली, युवा मंडल सहित साधु संतों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर सनातन के लिए कार्य करने वाले हिन्दूवीरों का सम्मान भी किया जाएगा। नाड़ी वैद्य व संत वीरेन्द्र देशमुख का आगमन बालोद शहर व गुरूर नगर के कार्यक्रम में होगा। आयोजकों ने इस कार्यक्रम में प्रत्येक हिन्दू परिवार से शामिल होने का आग्रह किया है।

